Hindi | हिन्दी

# अंतिम प्रगति रिपोर्ट 2017-2021 सारांश

राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति 2010-2020

# COPYRIGHT

This document, the *Final Progress Report 2017–2021 Summary National Disability Strategy 2010–2020: Hindi,* is licensed under the Creative Commons Attribution 4.0 International License, with the exception of:

- The Commonwealth Coat of Arms
- The Department of Social Services logo
- Any third-party material
- Any images and/or photographs.

More information on this CC By licence is set out at the Creative Commons website: https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode

### Attribution

Use of all or part of this document must include the following attribution:
© Commonwealth of Australia (Department of Social Services) 2022

ISBN: 978-1-921130-51-9

Notice:

1. If you create a derivative of this document, the Department of Social Services requests the following notice be placed on your derivative: Based on Commonwealth of Australia (Department of Social Services) data.
2. Enquiries regarding this licence or any other use of this document are welcome. Please contact: Branch Manager, Communication Services Branch, Department of Social Services. Phone: 1300 653 227. Email: communications@dss.gov.au

Notice identifying other material or rights in this publication:

1. Australian Commonwealth Coat of Arms — not Licensed under Creative Commons, see https://www.pmc.gov.au/government/commonwealth-coat-arms
2. Certain images and photographs (as marked) — not licensed under Creative Commons

All website links provided in this document are correct at time of publication.

# सामग्री

परिचय 3
ऑस्ट्रेलिया सरकार 4
राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें 7
स्थानीय सरकारें 15
आकड़ों के स्रोत और सामुदायिक सहभागिता 17
आशा करना 18

# परिचय

यह दस्तावेज *राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति 2010-2020* (कार्यनीति) के तहत *अंतिम प्रगति रिपोर्ट 2017-2021* का सारांश है। अंतिम प्रगति रिपोर्ट उस कार्यनीति के तहत यात्रा को समाप्त करती है, जिसने विकलांग लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार के सभी स्तरों के लिए एक साथ काम करने की नींव रखी। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने *राष्ट्रीय विकलाँगता कार्यनीति 2010-2020* को बदलने के लिए *3 दिसंबर 2021 को* ऑस्ट्रेलिया की विकलाँगता कार्यनीति 2021-2031 का आरंभ किया।

इस कार्यनीति में सभी सरकारों और ऑस्ट्रेलिया के समुदाय के लिए 6 परिणाम निर्धारित किए गए हैं, ताकि विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में सुधार की दिशा की ओर काम किया जा सके।

## परिणाम 1: समावेशी और सुगमता-युक्त समुदाय

## परिणाम 2: अधिकार संरक्षण, न्याय और कानून

## परिणाम 3: आर्थिक सुरक्षा

## परिणाम 4: व्यक्तिगत और सामुदायिक सहयोग

## परिणाम 5: शिक्षण और कुशलताएँ

## परिणाम 6: स्वास्थ्य और कल्याण।

सरकार के सभी स्तरों ने इस कार्यनीति को लागू किया। कार्यान्वयन को तीन अलग-अलग कार्यान्वयन योजनाओं के माध्यम से निर्देशित किया गया, जिसमें 2011-2014, 2015-2018 और 2019-2020 की अवधियाँ शामिल थी। न्यायाधिकार-क्षेत्र के स्तर पर कार्यनीति का कार्यान्वयन राज्य और राज्य-क्षेत्र की विकलांगता योजनाओं के माध्यम से संचालित किया गया। इस दृष्टिकोण से राज्य और राज्य-क्षेत्र की सरकारों को अपने-अपने क्षेत्र के लिए विशिष्ट विकलांगता प्राथमिकताओं को संबोधित करने की अनुमति मिल पाई। स्थानीय सरकार के स्तर पर, कई परिषदों ने अपनी विकलांगता सुलभता और समावेशन योजनाएँ विकसित की।

इस अंतिम प्रगति रिपोर्ट में कार्यनीति की तीसरी और चौथी प्रगति रिपोर्ट एक साथ है, और इसमें 2017-18 और 2019-20 की अवधियाँ शामिल हैं। इसमें अतिरिक्त कैलेंडर वर्ष 2021 भी शामिल है, जिस दौरान ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) को अंतिम रूप दिए जाते समय सभी सरकारी स्तरों में कार्यनीति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का पालन किया गया।

कार्यनीति का कार्यान्वयन सभी सरकारों की एक साझा जिम्मेदारी है। इस प्रकार से सभी सरकारी स्तरों ने इस रिपोर्ट के विकास में योगदान दिया है। अंतिम प्रगति रिपोर्ट कार्यनीति के दृष्टिकोण को पूरा करने में सभी सरकारों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। संपूर्ण अंतिम प्रगति रिपोर्ट ऑस्ट्रेलिया सरकार के सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) के माध्यम से उपलब्ध है।

कार्यनीति में बेहतर सहयोग और विकलांगता-ग्रस्त लोगों को शामिल करने के लिए अनेकानेक उपलब्धियाँ प्रदर्शित हुई। 2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत सरकारों की प्रगति का सारांश अग्रलिखित है। सरकारों की उपलब्धियों का एक चयनित नमूना अग्रलिखित है, तथा संपूर्ण अंतिम प्रगति रिपोर्ट में और भी अधिक उदाहरण दिए गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया सरकार

## परिणाम 1 - समावेशी और सुलभ समुदाय

2018 के बाद से ऑस्ट्रेलिया कला परिषद (Australia Council for the Arts) ने कला एवं विकलांगता सलाह पहल (Arts and Disability Mentoring Initiative) और राष्ट्रीय कला एवं विकलांगता पुरस्कारों (National Arts and Disability Awards) के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त कलाकारों के विकास को बढ़ावा देने के लिए $750,000 निवेश किए हैं। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने खेल में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विकलांगता-ग्रस्त लोगों के राष्ट्रीय खेल संगठनों (National Sporting Organisations for People with Disability) और अन्य सामुदायिक समूहों को $59.4 मिलियन से भी अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई है।

अगस्त 2019 में ऑस्ट्रेलिया सरकार और राज्य तथा राज्य-क्षेत्र परिवहन मंत्रियों ने परिवहन मानकों (Transport Standards) के आधुनिकीकरण के लिए सहमति व्यक्त की। सितंबर 2021 में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने परिसर मानकों (Premises Standards) की दूसरी समीक्षा जारी की। ऑस्ट्रेलिया सरकार और राज्य तथा राज्य-क्षेत्र की सरकारें समीक्षा के निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई करने के लिए साथ-मिलकर काम करेंगी।

ऑस्ट्रेलिया सरकार का विकलांगता गेटवे (Disability Gateway), जिसे 2021 में लॉन्च किया गया था, एक नि:शुल्क, ऑस्ट्रेलिया-व्यापी सेवा है जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं को विश्वसनीय जानकारी की खोज करने और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सेवाओं के साथ जोड़ने में सहायता देने के लिए समर्पित है। विकलांगता गेटवे (Disability Gateway) को विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं तथा विकलांगता सेक्टर के परामर्श के साथ विकसित किया गया था।

## परिणाम 2 - अधिकार संरक्षण, न्याय और कानून

एनडीआईएस आयोग ने 2020 में पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में एनडीआईएस आयुक्त के सभी कार्यों की स्थापना पूरी की। एनडीआईएस आयोग स्पीक अप अभियान, सलाह, सूचना और शिक्षा संसाधनों समेत अन्य प्रतिभागी संसाधनों को प्रदान करके विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों के बारे में जागरुकता पैदा करने के माध्यम से उनके अधिकारों को बरकरार रखने के उद्देश्य से काम करता है। एनडीआईएस आयोग सभी ऑस्ट्रेलिया सरकारों द्वारा सहमत एनडीआईएस गुणवत्ता एवं सुरक्षा ढांचे (NDIS Quality and Safeguarding Framework) के अनुसार एनडीआईएस प्रतिभागियों के अधिकारों, स्वास्थ्य और सकुशलता के संरक्षण और सुधार के लिए राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण प्रदान करता है।

1800RESPECT राष्ट्रीय घरेलू, पारिवारिक और यौन हिंसा परामर्श, सूचना और सहायता सेवा है। 1800RESPECT के पास विकलांगता-ग्रस्त लोगों को सहयोग देने के लिए संसाधन हैं, जिसमें Sunny मोबाइल ऐप, सुलभ सेवा निर्देशिका और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए एक विकलांगता सहायता टूलकिट भी शामिल है। 2018 में विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं के साथ काम करने वाले फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए डीवी-एलर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं के साथ काम करना (Working with Women with Disabilities) वर्कशॉप और मान्यता प्राप्त ई-लर्निंग को जोड़ा गया था। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने बौद्धिक और/या संज्ञानात्मक विकलांगता से ग्रस्त महिलाओं और उनका सहयोग करने वाले फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा सुविधाकृत शोषण संसाधनों को विकसित करने और वितरित करने के उद्देश्य से $1.5 मिलियन भी प्रदान किए हैं।

## परिणाम 3 - आर्थिक सुरक्षा

दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने ऑस्ट्रेलियाई जनसेवा विकलांगता रोजगार कार्यनीति (Australian Public Service Disability Employment Strategy) 2020-25 का आरंभ किया।

1 जुलाई 2018 को विकलांगता रोजगार सेवाओं (Disability Employment Services) के लिए एक नया मॉडल आरंभ किया गया, ताकि विकलांगता-ग्रस्त लोगों को मुख्यधारा कार्यबल में लंबे समय के लिए खुला रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिल सके और प्रतिभागियों की अनुकूलनशीलता तथा उनके पसंदीदा प्रदाता की पसंद में सुधार लाया सके।

2021 में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने महिला नेतृत्व एवं विकास कार्यक्रम (Women's Leadership and Development Program) के माध्यम से विकलांगताएँ ऑस्ट्रेलिया (Disabilities Australia) के लिए $820,899 उपलब्ध कराए, ताकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में विविधतापूर्ण महिलाओं की आवाज सुना जाना सुनिश्चित हो सके। इस कार्यक्रम में विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं को रोजगार और नेतृत्व के अवसरों में सहयोग देने वाली परियोजनाओं के लिए $3.7 मिलियन से भी अधिक की धनराशि की प्रतिबद्धता की गई।

## परिणाम 4 - व्यक्तिगत और सामुदायिक सहयोग

NDIS विकलाँगता से ग्रस्त लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया की पहली राष्ट्रीय योजना है और गंभीर और स्थायी विकलाँगता वाले आस्ट्रेलियाई लोगों के सहयोग पाने के तरीके में मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है।

सूचना, संलग्नता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम (आईएलसी) [Information, Linkages and Capacity Building program (ILC)] द्वारा संगठनों के माध्यम से ऐसी परियोजनाएँ उपलब्ध कराने के लिए अनुदान राशि प्रदान की गई है, जो सभी विकलांगता-ग्रस्त ऑस्ट्रेलियावासियों, उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों को लाभान्वित करती हैं। 2019-20 और 2020-21 में आर्थिक भागीदारी, सामाजिक व सामुदायिक भागीदारी और व्यक्तिगत क्षमता निर्माण पर केंद्रित अनुदान-चक्रों के माध्यम से $196 मिलियन से भी अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई गई।

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने केयरर गेटवे (Carer Gateway) - एक नि:शुल्क, ऑस्ट्रेलिया-व्यापी समर्पित देखभालकर्ता सहायता सेवा - के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के 2.65 मिलियन अवैतनिक देखभालकर्ताओं के सहयोग के लिए 4 वर्षों की अवधि में $770 मिलियन से भी अधिक की धनराशि की प्रतिबद्धता की।

## परिणाम 5 - शिक्षण और कुशलताएँ

2020 में भूतपूर्व शिक्षा, कुशलताएँ एवं रोजगार विभाग (Department of Education, Skills and Employment) ने मार्च 2021 में जारी अंतिम समीक्षा रिपोर्ट के साथ शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों 2005 (Disability Standards for Education 2005) की समीक्षा पूरी की।

2021 में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने एसएनएआईसीसी (SNAICC) – नेशनल वॉइस ऑफ़ आवर चिल्ड्रन (National Voice for our Children) के साथ साझेदारी में राष्ट्रीय एबोरिजिनल एवं टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी आरंभिक बचपन कार्यनीति (National Aboriginal and Torres Strait Islander Early Childhood Strategy) आरंभ की।

दिसंबर 2021 में, तस्मानिया विश्वविद्यालय (UTAS) में आधारित शिक्षा एवं प्रशिक्षण ऑस्ट्रेलियाई विकलांगता क्लियरिंगहाउस (ADCET)) [Australian Disability Clearinghouse on Education and Training (ADCET)] ने अपनी विकलांगता जागरुकता (Disability Awareness) साइट के माध्यम से माध्यमिकोत्तर शिक्षा में ई-लर्निंग मॉड्यूल *यूनिवर्सल डिज़ाइन फॉर लर्निंग (यूडीएल) [Universal Design for Learning (UDL)]* का आरंभ किया। ऑस्ट्रेलिया सरकार उच्चतर शिक्षा विकलांगता सहायता कार्यक्रम (डीएसपी) [Higher Education Disability Support Program (DSP)] के माध्यम से विश्वविद्यालयों को प्रत्येक वर्ष $7 मिलियन से भी अधिक की धनराशि प्रदान करती है, ताकि विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षण की सुलभता व प्रतिभागिता और इसमें सफल होने के लिए सहायता मिल सके। इसमें यूटीएएस (UTAS) को एडीसीईटी (ADCET) की मेजबानी करने के लिए लगभग $150,000 का वार्षिक निधीकरण दिया जाना भी शामिल है।

## परिणाम 6 - स्वास्थ्य और कल्याण

2019 में स्थापित श्रवण-क्षमता आकलन कार्यक्रम - एर्ली इयर्स (Hearing Assessment Program – Early Ears) यह सुनिश्चित करता है कि प्रथम राष्ट्रों के सभी कम आयु के बच्चों को सुनने की क्षमता का नि:शुल्क आकलन सुलभ हो सके।

अप्रैल 2020 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए कोरोनावायरस (कोविड-19) स्वास्थ्य आपात प्रतिक्रिया सलाहकार समिति (Advisory Committee) स्थापित की। समिति के सदस्यों में विकलांगता के जीवंत अनुभव वाले लोग और देखभालकर्ता, विकलांगता सेक्टर के प्रतिनिधि, विकलांगता-स्वास्थ्य में विशेषज्ञता रखने वाले स्वास्थ्य पेशेवर, विकलांगता और स्वास्थ्य शोधकर्ता तथा ऑस्ट्रेलिया सरकार के प्रतिनिधि शामिल हैं। राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी समिति की बैठकों में भाग लेते हैं।

# राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें

## न्यू साउथ वेल्स

एनएसडब्ल्यू सरकार और एनएसडब्ल्यू स्थानीय परिषदें लक्षित विकलांगता समावेशन कार्य योजनाओं (डीआईएपी) [Disability Inclusion Action Plans (DIAPs)] के माध्यम से कार्यनीति के लागूकरण में सहयोग देती हैं। *विकलांगता समावेशन अधिनियम 2014 (एनएसडब्ल्यू) [Disability Inclusion Act 2014 (NSW)]* में राजकीय एजेंसियों और सभी 128 स्थानीय परिषदों को एक डीआईएपी (DIAP) स्थापित करने और इसे बरकरार रखने का निर्देश दिया गया, जिसमें यह तय किया गया कि वे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए मुख्यधारा सेवाओं और समर्थन की सुलभता में सुधार कैसे करेंगी। एनएसडब्ल्यू विकलांगता समावेशन योजना (NSW Disability Inclusion Plan) और डीआईएपी (DIAPs) ऑनलाइन उपलब्ध हैं और इनकी नियमित समीक्षा और रिपोर्टिंग की जाती है।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत एनएसडब्ल्यू सरकार की मुख्य उपलब्धियों में शामिल हैं:

— विकलाँगता समावेशन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए राजकीय विकलाँगता सम्मेलन (State Disability Conference)।

— एनएसडब्ल्यू सरकारी सेवाओं में सुगमता के लिए सुधार, जिनमें परिवहन, खेलने की जगहें, राष्ट्रीय उद्यान और सर्विस एनएसडब्ल्यू के सेवा केंद्र शामिल हैं।

— 2019 में एनएसडब्ल्यू प्रौढ़ एवं विकलांगता आयोग (Ageing and Disability Commission) की स्थापना।

— एनएसडब्ल्यू युवा न्याय विकलांगता कार्ययोजना 2021-2024 (NSW Youth Justice Disability Action Plan 2021–2024) का विमोचन।

— ‘Don’t Dis My Ability’, ‘See the Possibilities’ और ‘Employable Me’ विकलांगता रोजगार अभियान।

— एनएसडब्ल्यू शिक्षा विभाग (Department of Education) के विकलांगता समावेशन एवं कार्य योजनाओं (Disability Inclusion and Action Plans) 2016-2020 और 2021-2025 तथा विभाग की विकलांगता कार्यनीति (Disability Strategy) के माध्यम से विकलांगता समावेशन के लिए सहयोग।

— विशिष्ट बौद्धिक विकलांगता स्वास्थ्य सेवा (Intellectual Disability Health Service) का राज्यव्यापी विस्तार।

# विक्टोरिया

समावेशी समुदाय के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए विक्टोरिया की 4-वर्षीय योजना Absolutely Everyone: राजकीय विकलांगता योजना 2017-2020 (Absolutely Everyone) है, जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों को संतोषजनक रूप से अपना दैनिक जीवन जीने में सहायता करती है। विक्टोरिया की संसद में दो वार्षिक रिपोर्टें और एक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिनमें Absolutely Everyone में लक्ष्यों की ओर प्रगति को रेखांकित किया गया। 2022 के आरंभ में प्रस्तुत की गई अंतिम रिपोर्ट के प्रकाशन पर कोविड-19 महामारी के कारण प्रभाव पड़ा था, जिसमें योजना के अंतिम 2 वर्ष शामिल थे।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत विक्टोरिया सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

- साझेदारी में काम करते हुए 27 नई चेंजिंग प्लेसेज़ (Changing Places) सुगम्य शौचालय सुविधाएँ प्रदान की गई।
- विक्टोरियाई विकलांगता पक्ष-समर्थन भविष्य योजना के माध्यम से विकलांगता पक्ष-समर्थन का सशक्तीकरण, जिसमें सेक्टर में सुधार और विक्टोरियाई विकलांगता पक्ष-समर्थन कार्यक्रम (Victorian Disability Advocacy Program) के माध्यम से सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के मूल निधीकरण में वृद्धि भी शामिल है।
- आर्थिक स्वतंत्रता और सार्थक करियर मार्गों का निर्माण।
- यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना कि विकलांगता-ग्रस्त विक्टोरियावासियों को एनडीआईएस और मुख्यधारा सेवाएँ सुलभ हो सकें।
- समावेशी शिक्षा नीति का विकास, और इस नीति के समर्थन के लिए $1.6 बिलियन धनराशि का विकलांगता समावेशन पैकेज।
- मेट्रो और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में विकलांगता संपर्क अधिकारी (Disability Liaison Officer) कार्यक्रम का आरंभ, ताकि कोविड-19 जाँच, उपचार और टीकाकरण के साथ-साथ अन्य अनिवार्य स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ रूप से मिल सके।

## क्वींसलैंड

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत क्वींसलैंड सरकार की उपलब्धियों में शामिल हैं:

— सुगमता में वृद्धि और समुदायों में समावेशन को प्रोत्साहन, जिसमें परिवहन सुगमता, सामाजिक आवास सुलभता और समावेशी कलाओं के लिए सहयोग शामिल है।

— सुधारात्मक सेवा प्रणाली के संपर्क में आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सेवा वितरण में सुधार के उद्देश्य से 2018 और 2020 के बीच प्रतिवर्ष $2.9 मिलियन की धनराशि का आवंटन।

— बैक टु वर्क (Back to Work) रोजगार कार्यक्रम के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार को प्रोत्साहन, और विकलांगता-ग्रस्त लोगों को कार्यबल में प्रवेश करने और कार्यबल में बने रहने के लिए सहयोग देने के उद्देश्य से क्वींसलैंडवासियों को कार्य-कुशलताएँ प्रदान करना (Skilling Queenslanders for Work) पहल के माध्यम से कुशलताएँ, योग्यताएँ और अनुभव प्रदान करना।

— विकलांगता कनेक्ट और आउटरीच कार्यक्रम (Disability Connect and Outreach Program) स्थापित करने के माध्यम से एनडीआईएस में पारगमन करने में सहायता देना, ताकि विकलांगता-ग्रस्त लोगों को एनडीआईएस की सुलभता में सहायता मिल सके।

— किंडरगार्टन समावेशन सहायता योजना (Kindergarten Inclusion Support Scheme) और कुशलताएँ विकलांगता सहायता (Skills Disability Support) कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सीखने और कुशलताओं के विकास के लिए सहायता।

— अस्पतालों से विकलांगता-ग्रस्त रोगियों को डिस्चार्ज करने के लिए दीर्घकालिक निवास त्वरित प्रतिक्रिया (Long-Stay Rapid Response) जैसी पहल के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सहायता, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान सहायता भी शामिल है।

## वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया

2019 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया सरकार ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए समावेशी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण बनाने के उद्देश्य से एक समुदाय-व्यापी परामर्श किया। 'सभी के लिए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया': राजकीय विकलांगता कार्यनीति 2020-2030 ('A Western Australia for Everyone': State Disability Strategy 2020–2030) तथा इसके साथ दिसंबर 2020 में आरंभ की गई कार्य योजना (Action Plan) के बाद से कई गतिविधियाँ पूरी कर ली गई हैं।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया सरकार की उपलब्धियों में शामिल हैं:

- चेंजिंग प्लेसेज़ (Changing Places) नेटवर्क का विस्तार, जिसमें सुगमतायुक्त सार्वजनिक शौचालय सुविधाओं को समर्थन दिया जाना भी शामिल है।
- 2017 और 2021 के बीच वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों को प्रोत्साहित, संरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए पक्ष-समर्थन संगठनों में $11.1 मिलियन की धनराशि का निवेश।
- डब्ल्यूए सार्वजनिक सेक्टर रोजगार में कार्यबल विविधीकरण एवं समावेशन कार्यनीति 2020-2025 (Workforce Diversification and Inclusion Strategy for WA Public Sector Employment 2020–2025) के माध्यम से सार्वजनिक सेक्टर के रोजगार में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की वृद्धि।
- एनडीआईएस में पारगमन के लिए समर्थन, जिसमें राज्य द्वारा निधीकृत की जाने वाली कई पहलों का एनडीआईएस में पारगमन और डब्ल्यूए सेक्टर पारगमन निधि (WA Sector Transition Fund) में $43.3 मिलियन की धनराशि का निवेश शामिल है।
- नए स्कूलों के लिए आगे की योजना में सार्वभौमिक डिज़ाइन को शामिल करने और विद्यार्थी-केंद्रित निधीकरण मॉडल (Student-Centred Funding Model) के माध्यम से वित्त-पोषण को लक्षित करने जैसी पहलों के ज़रिए सभी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा मार्गों में सहायता।
- WA Disability Health Framework 2015–2025 (डब्ल्यूए विकलांगता स्वास्थ्य फ्रेमवर्क 2015-202): विकलांगता-ग्रस्त लोगों की स्वास्थ्य देखभाल में सुधार के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार।

## साउथ ऑस्ट्रेलिया

साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 2017 और 2021 के बीच कार्यनीति के तहत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। साउथ ऑस्ट्रेलिया ने पूरे राज्य-भर में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के संपूर्ण समावेशन को बढ़ावा देने के लिए *विकलांगता समावेशन अधिनियम 2018 (एसए) [Disability Inclusion Act 2018 (SA)] पारित किया।* साउथ ऑस्ट्रेलिया ने राज्य की सर्वप्रथम विकलांगता समावेशन योजना, समावेशी एसए 2019-2023 (Inclusive SA 2019–2023) जारी की, जो राजकीय एजेंसियों, राजकीय प्राधिकरणों और स्थानीय परिषदों द्वारा विकलांगता सुलभता और समावेशन नियोजन व रिपोर्टिंग का समर्थन करती है।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत साउथ ऑस्ट्रेलिया सरकार की उपलब्धियों में शामिल हैं:

- साउथ ऑस्ट्रेलिया में समावेशी समुदायों को सहयोग, जिसमें खेल स्थान, जनपरिवहन, खेल और मनोरंजन सुविधाएँ भी शामिल हैं।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून पारित करना और विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अनदेखा करने के प्रकरणों और उनकी सुरक्षा में अंतरालों की जाँच व समाधान के लिए एक सुरक्षात्मक कार्यबल (Safeguarding Taskforce) का गठन।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सेवा और विकलांगता एवं रोजगार प्रथाएँ दिशानिर्देश (Disability and Employment Practices Guideline) के माध्यम से क्षमता निर्माण प्लेसमेंट (Capacity Building Placement) द्वारा विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार समर्थन।
- स्पोर्ट्स वाउचर (Sports Voucher) कार्यक्रम का विस्तार करके और VACSWIM जल सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विकलांगता-ग्रस्त बच्चों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करके खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में विकलांगता-ग्रस्त बच्चों की भागीदारी को प्रोत्साहन
- व्यक्तिगत शिक्षण योजनाओं, स्कूली विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण नीति (Vocational Education and Training) और शिक्षकों के विकास के अवसरों के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों के शिक्षण अवसरों के लिए सहयोग।
- स्वास्थ्य संपर्क अधिकारियों (Health Liaison Officers) के विकास और परीक्षण के लिए सहयोग, जो साउथ ऑस्ट्रेलिया के सार्वजनिक अस्पतालों में एक एनडीआईए पहल है।

## तस्मानिया

एक्सेसिबल आइलैंड (Accessible Island): तस्मानिया का विकलांगता कार्यवाही ढांचा (Tasmania's Disability Framework for Action) 2018-2021 कार्यनीति के कार्यान्वयन के लिए तस्मानिया सरकार की योजना है। एक्सेसिबल आइलैंड (Accessible Island) तस्मानिया सरकार की एजेंसियों के कार्य का मार्गदर्शन करती है और इसका उद्देश्य बाधाओं को दूर करना व विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अन्य सभी तस्मानियावासियों के समान अधिकारों और अवसरों का आनंद लेने में सक्षम बनाना है। तस्मानिया सरकार की सभी एजेंसियों के पास एक विकलांगता कार्य योजना (Disability Action Plan) है और वे एक्सेसिबल आइलैंड (Accessible Island) के कार्यान्वयन के बारे में प्रीमियर की विकलांगता सलाहकार परिषद (पीडीएसी) [Premier's Disability Advisory Council (PDAC)] को वार्षिक रूप से सूचित करती हैं।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत तस्मानिया सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

- तस्मानिया में समावेशी समुदायों के लिए समर्थन, जिसमें पार्क और बाहरी स्थान, कलाएँ, जनपरिवहन और सुगमतायुक्त आयोजन व सूचना तंत्र शामिल हैं।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति उपयुक्त और सम्मानपूर्वक प्रतिक्रिया देने के लिए नीतिगत कार्यावलियों, कार्यप्रथाओं तथा प्रशिक्षण का अपडेट, और सुधारात्मक सेवा प्रणाली के संपर्क में आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सहायता का विकास।
- सार्वजनिक एजेंसियों के माध्यम से सरकारी सेक्टर में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के रोजगार के लिए समर्थन, जिसमें एजेंसीकर्मियों को सहायता, सलाह और संसाधन प्रदान करना तथा विकलांगता रोजगार सेवा प्रदाताओं के साथ संलग्न होना शामिल है।
- प्रमुख योजनाओं का विमोचन, जिसमें पुनर्विचार 2020 (Rethink 2020), तस्मानिया की राजकीय मानसिक स्वास्थ्य योजना और तस्मानियाई देखभालकर्ताओं के लिए सहायता: तस्मानियाई देखभालकर्ता कार्य योजना 2021–24 (Supporting Tasmanian Carers: Tasmanian Carer Action Plan 2021–24) शामिल हैं।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए साक्ष्य-आधारित VET मार्गपथों का विकास और स्कूलों के साथ काम करने के लिए समावेशन एवं सुगमता समन्वयकों (Inclusion and Access Coordinators) की नियुक्ति, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों को सीखने के समान अवसर मिल सकें।
- कोविड-19 के बारे में सुलभ जानकारी, सहायता क्लीनिक और विकलांगता आपातकालीन परिचालन केंद्र (Disability Emergency Operations Centre) उपलब्ध कराने के लिए विकलांगता सेक्टर के साथ मिलकर काम।

## ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र

केंद्रीय जानकारी संग्रह इन्वॉल्वड (Involved) के माध्यम से समावेशी और सुगम समुदायों को प्रदर्शित किया जाता है। 2019 में आरंभ की गई इस वेबसाइट में और अधिक सुलभ समुदाय को सहायता देने और जानकारी को सुलभ व सार्वजनिक बनाने के लिए विकलांगता-केंद्रित जानकारी शामिल है।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र सरकार की उपलब्धियों में शामिल हैं:

— 2021 में राष्ट्रीय निर्माण संहिता (National Construction Code) के माध्यम से आवासों में न्यूनतम सुगमता मानक को अपनाने के लिए समर्थन।

— एसीटी विकलांगता न्याय कार्यनीति (ACT Disability Justice Strategy) के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए न्याय की सुलभता को संबोधित करना।

— एसीटी लोक सेवा (एसीटीपीएस) [ACT Public Service (ACTPS)] में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के रोजगार के समर्थन के लिए पहलों का कार्यान्वयन।

— एनडीआईएस में 4 वित्तीय वर्षों में $580.3 मिलियन की धनराशि का निवेश, और एनडीआईएस प्राप्त करने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों का पक्ष-समर्थन और सुधार।

— 2018 में शिक्षा कार्यनीति का भविष्य (Future of Education Strategy) का आरंभ, और सीखने के समावेशी स्थान बनाने वाले शिक्षकों की सहायता के लिए सीखने के पेशेवर अवसर पाने में सहायता।

— कोविड-19 महामारी के दौरान विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और विकलांगता सेक्टर को कोविड-19 की अवधि में एसीटी कोविड-19 विकलांगता कार्यनीति (ACT COVID-19 Disability Strategy) तथा कोविड-19 - विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए एसीटी परिचालन योजना (COVID-19 – An ACT Operational Plan for People with Disability) के माध्यम से सहायता।

## नॉर्दर्न टेरिटेरी

2021 में नॉर्दर्न टेरिटरी ने पहली 10-वर्षीय नॉर्दर्न टेरिटरी विकलांगता कार्यनीति (Northern Territory Disability Strategy) और 3-वर्षीय कार्य योजना (Action Plan) पर परामर्श आरंभ किया, जो भविष्य में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण होंगी।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत नॉर्दर्न टेरिटरी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

— नॉर्दर्न टेरिटरी में समावेशी समुदायों के लिए सहायता, जिसमें राष्ट्रीय उद्यान, जनपरिवहन और सूचना तंत्र शामिल हैं।

— टॉक अप (Talk Up) पहल के माध्यम से सेवाओं के उपयोगकर्ताओं और उनके परिवारों के अधिकारों के लिए निरंतर रूप से प्रोत्साहन।

— 2021 में विकलांगता रोजगार कार्यक्रम (Disability Employment Program) का आरंभ और लोक सेवकों के लिए प्रशिक्षण, ताकि नॉर्दर्न टेरिटरी में विकलांगता-आश्वस्त कार्यबल सुनिश्चित किया जा सके।

— 2019 में नॉर्दर्न टेरिटरी विकलांगता सलाहकार समिति (Northern Territory Disability Advisory Committee) की स्थापना करना, जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों और सरकारी सेवाओं के साथ उनकी चर्चा के बारे में विकलांगता मंत्री (Minister for Disabilities) को सलाह देने के लिए एक मंच है।

— शिक्षा के लिए 10-वर्षीय समावेशन फ्रेमवर्क (Framework for Inclusion) और कार्य योजना (Action Plan) का विमोचन और कार्यान्वयन।

— विकासात्मक विलंब की पहचान, स्नायुविकासात्मक क्षति के संकेतों के बारे में जागरुकता में सुधार और बच्चों व युवाओं के सुनने और कान के स्वास्थ्य पर लक्षित पहलों और कार्यक्रमों के लिए सहयोग।

# स्थानीय सरकारें

स्थानीय सरकार ने अपने समुदायों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से कार्यनीति में सरकार के अन्य स्तरों के साथ मिलकर काम किया है। स्थानीय सरकारें अपने-अपने समुदायों की अनन्य और विशिष्ट आवश्यकताओं का उत्तर देने वाली अनेकानेक योजनाएँ तैयार करती हैं, जिनमें कार्यनीतिक योजनाएँ, आर्थिक योजनाएँ, पर्यावरणीय योजनाएँ, सामाजिक समावेशन योजनाएँ और आपदा प्रबंधन योजनाएँ शामिल हैं।

कई परिषदों के पास केवल विकलांगता योजनाएँ होती हैं, लेकिन अन्य परिषदें दूसरी योजनाओं के साथ विकलांगता प्राथमिकताएँ शामिल करती हैं, जैसे उनकी स्वास्थ्य एवं कल्याण योजना या सामाजिक समावेशन योजना। विकलांगता योजनाएँ विकलांगता-ग्रस्त लोगों और उनके समर्थकों के परामर्श से विकसित की जाती हैं, अक्सर विशेष रूप से गठित विकलांगता सलाहकार समूहों के माध्यम से। कुछ राज्यों में स्थानीय सरकारों को विकलांगता सुगमता एवं समावेशन योजनाओं (विकलांगता योजनाओं) के विकास और प्रगति के बारे में अपनी राज्य सरकारों को सूचित करना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है।

ऑस्ट्रेलियाई स्थानीय सरकार संघ (एएलजीए) [Australian Local Government Association (ALGA)] ने सभी स्थानीय सरकारों को विकलांगता योजनाएँ विकसित करने और अपनी नियोजन प्रक्रियाओं में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की आवश्यकताओं पर विचार-मनन करने के लिए प्रोत्साहित किया है। 2016 में एएलजीए (ALGA) ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) के साथ साझेदारी में विकलांगता समावेशन योजना - स्थानीय सरकारों के लिए मार्गदर्शिका (Disability Inclusion Planning – A Guide for Local Government) निर्मित की, ताकि सभी परिषदों को अपने-अपने समुदायों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सुधारों के नियोजन और कार्यान्वयन में तथा परिवर्तन को लागू करने और सभी लोगों के लिए समावेशी समुदाय बनाने में सहायता मिल सके।

2017-2021 के दौरान कार्यनीति के तहत स्थानीय सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

- न्यू साउथ वेल्स में पेनरिथ सिटी, हॉक्सबरी शायर और ब्लू माउंटेन सिटी काउंसिल ने व्यवसायों को विकलांगता-ग्रस्त लोगों को काम पर रखने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त परियोजना नीपियन जॉब्स फॉर ऑल (Nepean Jobs For All) परियोजना पर साथ-मिलकर काम किया।
- विक्टोरिया में सिटी ऑफ ग्रेटर बेंडिगो ने 2017 में समावेशी नगर (Inclusive Towns) परियोजना का आरंभ हुआ और अब इसमें व्यवसाय संचालकों के साथ काम करने के लिए विकलांगता के जीवंत अनुभवों वाले 6 सहायता अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, ताकि उन्हें यह समझने में सहायता मिल सके कि समावेशन भौतिक आवश्यकताओं को संबोधित करने से भी परे होता है।
- क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन सिटी काउंसिल ने एक व्यापक 10-वर्षीय योजना विकसित की है, सभी के लिए शहर: समावेशी ब्रिस्बेन योजना 2019-2029 (A City for Everyone: Inclusive Brisbane Plan 2019–2029), जो सभी आयुवर्गों, क्षमताओं और पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों को यात्रा करने, कार्य करने, निवास करने, आनंद उठाने और ब्रिस्बेन में जुड़ने के लिए सहायता देती है।
- वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में 30 स्थानीय सरकारी अधिकारियों और निजी सेक्टर के 10 भागीदारों के साथ साझेदारी में वितरित किया जाने वाला दिस बे इज़ समवन्स डे (This Bay Is Someone's Day) एक अनूठा सामुदायिक जागरुकता अभियान है, जिसका उद्देश्य सुगमतायुक्त पार्किंग स्थानों के दुरुपयोग को घटाना है।
- साउथ ऑस्ट्रेलिया में सिटी ऑफ टी ट्री गली ने विकलांगता के जीवंत अनुभव वाले लोगों के एक संदर्भ समूह के साथ मिलकर अपनी विकलांगता सुगमता एवं समावेशन योजना 2020-2024 (Disability Access and Inclusion Plan 2020–2024) विकसित की है। इस विकलांगता योजना के परिणामस्वरूप अभी 3 खेल क्लबों का समावेशी डिज़ाइन, 2 चेंजिंग प्लेसेज़ (Changing Places) शौचालयों की स्थापना, और सार्वभौमिक डिज़ाइन के अनुपालन का आकलन करने के लिए कई परिषदीय सुविधाओं और पट्टे पर ली गई इमारतों का ऑडिट पूरा कर लिया गया है।

- तस्मानिया में सिटी ऑफ क्लेयरेंस ने एक व्यापक विकलांगता सुलभता एवं समावेशन योजना 2021-2025 (Disability Access and Inclusion Plan 2021–2025) विकसित की है।
- नॉर्दर्न टेरिटरी में सिटी ऑफ डार्विन की सुलभता एवं समावेशन योजना 2019-22 (Access and Inclusion Plan 2019–22) पूर्व में सामुदायिक सुलभता योजना 2012-2017 (Community Access Plan 2012–2017) के साथ किए गए काम पर आगे निर्माण कर रही है। यह विकलांगता-ग्रस्त लोगों को परिषद के साथ संलग्न होने और संगठन के परिचालन के सभी क्षेत्रों में सुलभता हासिल करने के लिए सहायता देते रहने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है।

# आकड़ों के स्रोत और सामुदायिक सहभागिता

कार्यनीति की प्रगति रिपोर्टों के अलावा अन्य रिपोर्टें बनाए गई हैं तथा समीक्षाएँ भी की गई हैं और ये विकलांगता-ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए सरकार के सभी स्तरों के प्रयासों को प्रदर्शित करती हैं। इन दस्तावेजों ने कार्यनीति के तहत सरकारी प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण सार्वजनिक जानकारी प्रदान की है और इस बारे में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के विचार प्राप्त किए हैं कि उनकी दृष्टि में यह कार्यनीति किस प्रकार से काम कर रही है। इनमें शामिल हैं:

- कुछ राज्य और राज्य-क्षेत्र स्वयं अपनी विकलांगता योजनाओं के बारे में सूचित करते हैं
- समावेशी और सुलभ समुदायों के निर्माण की कार्यनीति के तहत परिणामों के वितरण के विषय में सीनेट जाँच रिपोर्ट
- सामाजिक नीति अनुसंधान केंद्र (Social Policy Research Centre) की कार्यनीति के लागूकरण की स्वतंत्र समीक्षा
- राष्ट्रीय विकलांगता समझौते (National Disability Agreement) की उत्पादकता आयोग समीक्षा (Productivity Commission Review)
- राजकीय विकलांगता आयोग (Disability Royal Commission) की सार्वजनिक सुनवाइयाँ और अंतरिम रिपोर्ट।

## विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा के समक्ष रिपोर्टिंग

ऑस्ट्रेलिया समय-समय पर विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा (United Nations Convention on the Rights of Persons with Disabilities) को रिपोर्ट करता है। कार्यनीति के अंतिम वर्षों में की गई रिपोर्टिंग में ये रिपोर्टें शामिल थीं: आस्ट्रेलिया सरकार की रिपोर्ट (Australian Government Report); सिविल सोसाइटी शैडो रिपोर्ट (Civil Society Shadow Report), विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों द्वारा निर्मित तात्कालिक विकलांगता अधिकार 2019 (Disability Rights Now 2019); और समिति के समापन अवलोकन (Concluding Observations)।

## विकलाँगता आकड़े रिपोर्ट

कार्यनीति की अवधि में कई स्रोतों से विकलांगता के बारे में आकड़े जारी किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं:

- ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी कार्यालय (Australian Bureau of Statistics) का विकलांगता, आयुर्वृद्धि और देखभालकर्ता सर्वेक्षण
- ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य एवं सकुशलता संस्थान (Australian Institute of Health and Welfare) की ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता-ग्रस्त लोग रिपोर्ट
- ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी कार्यालय (Australian Bureau of Statistics) का जनसंख्या एवं आवास जनगणना
- राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा एजेंसी (National Disability Insurance Agency) की वार्षिक रिपोर्टें।

## सामुदायिक सहभागिता

ऑस्ट्रेलिया सरकार राष्ट्रीय विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों (National Disability Representative Organisations) को इस बारे में परामर्श देने के लिए वित्त-पोषित करती है कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के जीवन और अनुभवों को नीतियाँ व कार्यक्रम कैसे प्रभावित करेंगे। ये संगठन जिन विकलांगता-ग्रस्त लोगों के दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, वे उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। अधिकांश राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों की गतिविधि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के विकलांगता सलाहकार समूहों के माध्यम से उनके साथ संलग्न होती है।

ऑस्ट्रेलिया की *विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 (Disability Strategy 2021–2031)* के विकास में व्यापक संलग्नता शामिल थी। परामर्शों में 3,000 से भी अधिक विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सार्वजनिक परामर्शों के हिस्से के रूप में प्रथम राष्ट्र विकलांगता नेटवर्क ऑस्ट्रेलिया (First Peoples Disability Network Australia) ने प्रथम राष्ट्रों के लोगों के साथ कार्यशालाओं की मेजबानी भी की। ऑस्ट्रेलिया सरकार के सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) के माध्यम से परामर्शों पर रिपोर्टें उपलब्ध हैं।

# आशा करना

रिपोर्ट कार्यनीति के समापन को अभिस्वीकृति देती है और सरकार के सभी स्तरों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रदर्शित करती है। इस कार्यनीति का स्थान 3 दिसंबर 2021 को आरंभ की गई *ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 (Disability Strategy 2021-2031)* ने ले लिया है।

ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) का दृष्टिकोण एक समावेशी ऑस्ट्रेलियाई समाज है, जिसमें विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए समुदाय के समान सदस्यों के रूप में अपनी क्षमता को पूरा कर पाना सुनिश्चित हो सके।

पूर्ववर्ती कार्यनीति की तरह ही ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) में भी परिणाम क्षेत्र हैं। 7 परिणाम क्षेत्र सामूहिक रूप से उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके बारे में विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने बताया है कि नई कार्यनीति के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए सुधार किए जाने की आवश्यकता है। विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण और सुरक्षा को महत्वपूर्ण मुद्दों के रूप में देखा जाता है और ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) में इनपर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया की विकलाँगता कार्यनीति के परिणाम क्षेत्र हैं:

— रोजगार और वित्तीय सुरक्षा
— समावेशी घर और समुदाय
— सुरक्षा, अधिकार और न्याय
— व्यक्तिगत और सामुदायिक सहयोग
— शिक्षा और सीखना
— स्वास्थ्य और कल्याण
— सामुदायिक दृष्टिकोण।

सरकारें प्रत्येक परिणाम क्षेत्र के तहत नीतिगत प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलियाई जीवन के सभी पहलुओं को विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए अधिक समावेशी बनाने की परिकल्पना करती हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की विकलाँगता कार्यनीति निर्मित करने वाले दस्तावेज

ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) के वितरण का निर्माण और समर्थन करने वाले दस्तावेजों में शामिल हैं:

— परिणाम ढाँचा (Outcomes Framework) - परिणाम क्षेत्रों के तहत नीतिगत प्राथमिकताओं में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों का मापन, अनुसरण और रिपोर्टिंग करता है।

— संलग्नता योजना (Engagement Plan) - यह रेखांकित करती है कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों को ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) की अवधि में किस प्रकार से इसके लागूकरण में शामिल किया जाएगा।

— मार्गपथ (Roadmap) - ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) के तहत उपलब्ध कराए जाने वाले प्रमुख परिणामों का सरल अवलोकन प्रदान करता है। यह आगे के मार्ग की पारदर्शिता और वितरण के लिए जवाबदेही प्रदान करता है।

— आकलन के लिए अच्छी कार्यप्रथा मार्गदर्शिका जाँचसूची (Evaluation Good Practice Guide Checklist) - सरकारों को विकलांगता-विशिष्ट और मुख्यधारा नीतियों व सेवाओं का आकलन करने में सहायता देती है।

— लक्षित कार्य योजनाएँ (Targeted Action Plans) - सरकारों ने ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) के विशिष्ट क्षेत्रों में परिणाम प्राप्त करने में प्रगति हेतु लक्षित कार्य योजनाएँ (Targeted Action Plans) स्थापित की हैं।

— संबद्ध योजनाएँ (Associated Plans) - ये कार्यनीतियाँ, योजनाएँ, मार्गपथ और ढांचे हैं, जिनका ध्यान विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए ऑस्ट्रेलियाई जीवन के पहलुओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित है और ये ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) का दृष्टिकोण उपलब्ध कराने के लिए भी काम करती हैं।

## कार्यान्वयन

दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। सरकारें ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) को कार्यान्वित करने और इसके दृष्टिकोण को समन्वित व लक्षित तरीके से साकार करने के लिए विकलांगता-ग्रस्त लोगों, समुदायों, व्यवसायों और गैर-सरकारी सेक्टर के साथ-मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) की अवधि में इसका डिज़ाइन और कार्यान्वयन बदलती हुई आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेह रहे।

इस दृष्टिकोण को निम्नलिखित प्रमुख पहलें सुविधाकृत करेंगी:

— यह सुनिश्चित करना कि नीतिगत प्राथमिकताओं के अनुसार किए जाने वाले कार्य अंतरप्रतिच्छेदन के मुद्दों को संबोधित करते हैं।

— सरकारों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की स्पष्ट और आसानी से जानकारी में आने वाली रूपरेखा।

— नीति और कार्यक्रम विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत, जो विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा (United Nations Convention on the Rights of Persons with Disabilities) के मानवाधिकार सिद्धांतों पर आधारित हैं और उन्हें प्रतिबिंबित करते हैं।

— समय-सीमित लक्षित कार्य योजनाओं (Targeted Action Plans) और दीर्घकालिक संबद्ध योजनाओं (Associated Plans) का कार्यान्वयन।

— ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) के अनुसार प्रगति का अनुसरण करने के लिए परिणाम ढांचे (Outcomes Framework) का कार्यान्वयन, नियमित रूप से रिपोर्टिंग में सहयोग करने के लिए डेटा कार्यनीति, और आकलन एवं अनुसंधान में सुधार।

— प्रशासन व्यवस्थाओं का कार्यान्वयन, जिसमें इस कार्यान्वयन को उद्वेलित करने के लिए एक केंद्रीकृत इकाई भी शामिल है।

— ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति संलग्नता योजना (Australia's Disability Strategy Engagement Plan) का कार्यान्वयन, ताकि विकलांगता-ग्रस्त लोगों द्वारा कार्यान्वयन, निरीक्षण और आकलन में सक्रिय रूप से भाग लिया जाना सुनिश्चित हो सके।

— प्रमुख परिणाम और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सरकारों को जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से एक स्पष्ट मार्गपथ।

## आगे की जानकारी

विकलांगता गेटवे (Disability Gateway) में ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति हब (Australia's Disability Strategy Hub) पर ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) और सहयोगी दस्तावेज उपलब्ध हैं।

ऑस्ट्रेलिया की विकलाँगता कार्यनीति दस्तावेज पढ़ने में आसान और सामुदायिक भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिसमें ऑस्लान भी शामिल है।

DSS 2815.10.22